दैनिक
स्वर्णिम प्रदेश
PRN: MCN/329/2025-2027
http://www.swarnimpradesh.in
http://epaper. swarnimpradesh.in
Email- swarnimpradesh@yahoo.com
संरक्षकः मां वैष्णों देवी
* वर्षः 07 * अंक : 270 * मुंबई, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025 * पेजः 6 * मूल्यः 2 रुपये * संपादकः सुनील कुमार तिवारी

मुंबई। चिली गणराज्य के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से ताज होटल में शिष्टाचार मुलाकात कर विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य करने को लेकर सकारात्मक चर्चा की। इस मौके पर राजशिष्टाचार मंत्री जयकुमार रावल, भारत की चिली में उच्चायुक्त अभिलाषा जोशी, चिली गणराज्य का प्रतिनिधिमंडल, अतिरिक्त मुख्य सचिव मनीषा म्हैसकर, अतिरिक्त मुख्य सचिव (विपणन) डॉ. राजगोपाल देवरा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

थाईलैंड में पीएम मोदी का भव्य स्वागत
लोगों में दिखा जबरदस्त उत्साह
मोदी-मोदी के नारों से गूंजा बैंकॉक

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक पहुंचे, जहां भारतीय समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया। एयरपोर्ट पर 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारों के बीच लोगों ने तिरंगे लहराए। कई महिलाएं पीएम मोदी से मिलकर भावुक हो गईं, एक महिला ने तो उनका हाथ चूमकर रोते हुए अपनी भावनाएं प्रकट की।

भारतीय समुदाय ने गर्मजोशी से किया स्वागत

थाईलैंड में बसे भारतीय प्रवासियों ने पीएम मोदी के स्वागत में देशभक्ति के नारे लगाए। मोदी ने हाथ जोड़कर सभी का अभिनंदन किया और गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'X' पर लिखाः

'बैंकॉक में भारतीय समुदाय द्वारा किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं आभारी हूं। भारत और थाईलैंड के बीच एक गहरा सांस्कृतिक बंधन है, जो हमारे लोगों के माध्यम से मजबूत होता रहता है।'

थाईलैंड की पीएम पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा से व्यापारिक वार्ता

थाईलैंड पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने वहां की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-थाईलैंड के व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। इसके साथ ही पर्यटन, रक्षा सहयोग और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। (**शेष पेज ०२ पर**)

वक्फ बिल का समर्थन करना जेडीयू को पड़ा भारी! 2 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी से दिया इस्तीफा

संवाददाता

पटना। वक्फ संशोधन विधेयक पर जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के रुख से नाराज होकर पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद कासिम अंसारी ने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। देर रात लोकसभा में यह विधेयक पारित कर दिया गया, जिसमें एनडीए की सहयोगी जेडीयू ने व्यापक विरोध के बावजूद इसका समर्थन किया।

नीतीश कुमार को लिखे पत्र में अंसारी ने जताई नाराजगी

अंसारी ने बिहार के मुख्यमंत्री और जेडीयू अध्यक्ष नीतीश कुमार को लिखे अपने पत्र में पार्टी के इस फैसले पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय मुसलमानों ने जेडीयू पर धर्मनिरपेक्षता बनाए रखने के लिए भरोसा किया था, लेकिन अब यह भरोसा टूट चुका है। उन्होंने लोकसभा में जेडीयू नेता ललन सिंह द्वारा दिए गए भाषण की आलोचना करते हुए इस विधेयक को मुस्लिम विरोधी और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। अंसारी ने इसे पसमांदा मुस्लिम समुदाय के खिलाफ भेदभावपूर्ण करार दिया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा- हम जैसे लाखों भारतीय मुसलमानों को जेडीयू की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा पर अटूट विश्वास था। हालांकि, अब यह विश्वास टूट गया है। वक्फ बिल पर जेडीयू द्वारा लिए गए रुख ने हमें गहरा सदमा दिया है। लोकसभा में जिस तरह ललन सिंह ने बिल का समर्थन किया, वह बेहद निराशाजनक है। (**शेष पेज ०२ पर**)

बीएमसी या भ्रष्टाचार मार्केटिंग कंपनी?
डी वार्ड के भ्रष्ट डीईओ दिलीप अहिरे पर मेहरबान अश्विनी जोशी

वी बी माणिक

मुंबई। मुंबई की बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) अब एक भ्रष्टाचार मार्केटिंग कंपनी बन गई है, जहां बिना लूट-खसोट और बेईमानी के कोई काम नहीं होता। यहां सिपाही से लेकर आयुक्त तक सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, लेकिन ईमानदारी का चोला पहनकर बैठते हैं। गरीबों को लूटने वाले ये अधिकारी अवैध काम करने वालों के इशारों पर नाचते हैं। बीएमसी में अवैध निर्माण का खेल बिना नियम-कानून की परवाह किए खुलेआम चलता है। डी विभाग का कार्यकारी अभियंता और पदनिर्देशित अधिकारी (DO) दिलीप संतोष अहिरे इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। १९ अप्रैल २०२१ से सहायक अभियंता के रूप में तैनात अहिरे ने १ जुलाई २०२२ को डी वार्ड में ही टेंडर भरकर कार्यकारी अभियंता का पद हासिल कर लिया। सवाल यह है कि किस नियम के तहत उसकी पोस्टिंग उसी वार्ड में हुई? क्या अति-आयुक्त अश्विनी जोशी इस पर कोई कार्रवाई करेंगी या फिर उन्हें भी भ्रष्टाचार का आशीर्वाद प्राप्त है?

अहिरे और उसकी पूरी टीम अवैध निर्माण को बढ़ावा देने में लगी हुई है। बीएमसी में नगर अभियंता का कार्यालय अब दलालों और बिल्डर माफियाओं की शरणस्थली बन चुका है। अधिकारी बंद कमरों में बैठकर वसूली करते हैं, लेकिन आम नागरिकों से मिलने से कतराते हैं। नगर अभियंता और डायरेक्टर मिलकर पोस्टिंग और ट्रांसफर का खेल खेलते हैं, जिसमें सिर्फ पैसा चलता है। आज बीएमसी पूरी तरह भ्रष्टाचार की नींव पर खड़ी है। अति-आयुक्त अश्विनी जोशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस लूट में सबसे आगे हैं। यही वजह है कि मुंबई के प्रत्येक वार्ड में जेई, एसई और एई की नियुक्ति बिना टेंडर के नहीं होती। बीएमसी अब शहर की सेवा करने के बजाय नागरिकों का खून चूसने वाली संस्था बन गई है। ऐसे भ्रष्टाचारियों को शर्म आनी चाहिए, जो जनता की गाढ़ी कमाई को लूटकर अपनी जेबें भर रहे हैं। मुंबई के नागरिकों को इस लूट के खिलाफ आवाज उठानी होगी, वरना बीएमसी का यह भ्रष्टाचार कभी खत्म नहीं होगा।

मंत्री प्रताप सरनाईक ने एसटी महामंडल की आय बढ़ाने के लिए नई विज्ञापन नीति तैयार करने के दिए निर्देश

संवाददाता

मुंबई। एसटी महामंडल की बसों और बस स्टैंड पर विज्ञापनों से होने वाली आय को १०० करोड़ रूपए तक बढ़ाने के लिए व्यापक नई नीति तैयार करने के निर्देश परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने दिए हैं। परिवहन आयुक्तालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री सरनाईक ने कहा कि वर्तमान में जिन विज्ञापन एजेंसियों को कार्य दिया गया है, उनसे अपेक्षित आय नहीं मिल रही है। इसलिए, उनके अनुबंध रद्द कर अधिक आय देने वाली एजेंसियों का चयन किया जाएगा। वर्तमान में विज्ञापन से एसटी को २२-२४ करोड़ रूपए की आय होती है, जिसे १०० करोड़ रूपए तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

बसों और बस स्टैंड के सुधार पर जोर

नई बसों की खरीद में यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन के लिए उपयुक्त पैनल लगाने की व्यवस्था की जाएगी। पुरानी बसों में भी यह लागू किया जाएगा। साथ ही, महत्वपूर्ण बस स्टैंडों के सुधार के लिए भी योजना बनाई जाएगी। महिलाओं की सुविधा के लिए एसटी को डीजल आपूर्ति करने वाली कंपनियों को उनके सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड से बस स्टैंडों पर स्वच्छ शौचालय और महिला प्रतीक्षालय बनाने के निर्देश दिए गए। मंत्री सरनाईक ने यह भी कहा कि भविष्य में डीजल की निविदाएं जारी करते समय सीएसआर फंड की शर्त जोड़ी जानी चाहिए।

इलेक्ट्रिक बस अनुबंध पर सख्त रुख

एसटी महामंडल को किराए पर दी जाने वाली ५,१५० इलेक्ट्रिक बसों में से केवल २२० बसें ही आपूर्ति की गई हैं। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए मंत्री सरनाईक ने संबंधित कंपनियों को अंतिम नोटिस देने का निर्देश दिया। यदि इसके बाद भी बसों की आपूर्ति नहीं होती, तो उनके अनुबंध रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।

नई बसें हर डिपो तक पहुंचेगी

इस साल एसटी महामंडल के बेड़े में २,६४० नई लालपरी बसें शामिल की जा रही हैं। इनमें से मार्च के अंत तक ८०० बसें १०० डिपो में भेजी जा चुकी हैं। मंत्री सरनाईक ने निर्देश दिया कि अगले दो महीनों में सभी २५१ डिपो तक नई बसें पहुंचाई जाएं। नई बसों को जनता से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसलिए, भविष्य में भी उच्च गुणवत्ता वाली बसें शामिल करने और सभी बसों में जीपीएस व सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए।

'बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट' के तहत घरों का सपना होगा पूराः पालकमंत्री एड.आशिष शेलार

संवाददाता

मुंबई। विकास कार्यों के दौरान मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखना आवश्यक होता है। 'बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट' के तहत बांद्रा पूर्व के गौतम नगर क्षेत्र में कई परिवारों का अपने घर का सपना पूरा हो रहा है, ऐसा मुंबई उपनगर जिले के पालकमंत्री एड. आशिष शेलार ने कहा। झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) के तहत पुनर्वसित किए जा रहे निवासियों को उनके नए घरों के करार पत्र वितरित करने का कार्यक्रम मुंबई उपनगर जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित किया गया। पालकमंत्री शेलार ने इस अवसर पर १० लाभार्थियों को उनके घर के करार पत्र सौंपे। इस दौरान मुंबई उपनगर जिले के जिलाधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। पालकमंत्री शेलार ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, गृहनिर्माण मंत्री और संबंधित अधिकारियों के सहयोग से यह परियोजना सफलतापूर्वक पूरी हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गणेश उत्सव से (**शेष पेज ०२ पर**)

खंडवा में कुएं की सफाई करने उतरे 8 लोग जहरीली गैस की चपेट में, 4 की मौत



संवाददाता

खंडवा। गणगौर माता विसर्जन के लिए कुएं की सफाई के दौरान गुरुवार को जहरीली गैस रिसाव से बड़ा हादसा हो गया, जिसमें ८ लोग कुएं में डूब गए। शाम ७ बजे तक ४ लोगों के शव निकाले जा चुके थे, जबकि शेष ४ की तलाश जारी है। मौके पर पुलिस, प्रशासन और एसडीईआरएफ की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। यह हादसा खंडवा के छैगांवमाखन क्षेत्र के ग्राम कोंडावत में हुआ, जहां गणगौर विसर्जन से पहले सफाई के लिए दो लोग कुएं में उतरे और जहरीली गैस के कारण उनका दम घुट गया। उन्हें बचाने के लिए ६ और लोग कुएं में उतरे, लेकिन वे भी गैस की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। छैगांवामाखन और पंधाना थाने की पुलिस टीम एसडीईआरएफ के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जहरीली गैस के कारण बचाव कार्य में दिक्कत आ रही थी, जिसके चलते एसडीईआरएफ कर्मी ऑक्सीजन मास्क पहनकर कुएं में उतरे और ४ शव बाहर निकाले। यह हादसा उस वक्त हुआ जब कुनबी पटेल समाज की माता का विसर्जन होना था और परंपरा के अनुसार लोग कुएं की सफाई कर रहे थे।

सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय मौके पर पहुंचे और मेडिकल कॉलेज व अस्पताल को अलर्ट कर दिया गया। अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पुलिस तैनात की गई है ताकि रेस्क्यू किए गए लोगों के इलाज में कोई बाधा न आए। इस हादसे से गांव में मातम पसरा हुआ है, जबकि प्रशासन लगातार बचाव अभियान चला रहा है।

वक्फ बिलः मोदी सरकार पर गरजे संजय राउत
बोले- मुसलमानों की इतनी चिंता तो जिन्ना ने नहीं की

संवाददाता

मुंबई। लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने के बाद राज्यसभा में इस पर चर्चा जारी है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने इस विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए इसे लोगों का ध्यान भटकाने की रणनीति बताया। उन्होंने कहा कि सरकार महत्वपूर्ण आर्थिक और विदेश नीति के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धार्मिक विषयों को चर्चा में ला रही है।

'असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश': सांसद संजय राउत

संजय राउत ने कहा, 'कल ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर २६ प्रतिशत टैरिफ का आक्रमण किया। उसी दिन सरकार वक्फ बिल लेकर आई, ताकि असली मुद्दों को दबाया जा सके। जब भी महंगाई और रोजगार पर बात आती है, तो सरकार धार्मिक मुद्दे उठाकर २-५ दिन की चर्चा कराती है।'

राज्यसभा में अपने भाषण के दौरान संजय राउत ने गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू पर निशाना साधते हुए कहा, 'कल से आप लोग मुसलमानों की चिंता कर रहे हैं, उतनी तो बैरिस्टर मोहम्मद अली जिन्ना ने भी नहीं की होगी। आपके भाषणों को सुनकर ऐसा लगता है कि जिन्ना की आत्मा आपकी सरकार में प्रवेश कर गई है। पहले हमें लगा था कि हम सब मिलकर हिंदू राष्ट्र बना रहे हैं, लेकिन आपके भाषणों से लगता है कि आप हिंदू पाकिस्तान बना रहे हैं।

'आपको मुसलमानों की चिंता कब से होने लगी?'

संजय राउत ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा, 'आप मुसलमानों को चोर, जमीन छीनने वाला, मंगल सूत्र लूटने वाला, देशद्रोही कहते थे। अब आप ही उनकी संपत्ति के रखवाले बन गए? आप हिंदुओं की जमीन नहीं बचा पाए और अब मुस्लिमों की जमीन बचाने की बात कर रहे हैं?'

अमेरिका के टैरिफ हमले पर भी साधा निशाना

शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत ने अमेरिका द्वारा भारत पर २६ प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाने पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, 'अमेरिका के राष्ट्रपति जब भारत के प्रधानमंत्री को 'महान व्यक्ति' कहते हैं, तो सरकार इसका ढोल पीटने लगती है। लेकिन देखिए, अब अमेरिका ने हमें क्या बना दिया? विदेश मंत्री विशेषज्ञ होने के बावजूद, अमेरिका बार-बार भारत का उपहास उड़ा रहा है। यूरोपीय संघ इस फैसले के खिलाफ खड़ा हो गया है, (**शेष पेज ०२ पर**)

स्वर्गेट बलात्कार मामलाः अदालत ने आरोपी की पुलिस हिरासत बढ़ाने से किया इनकार

संवाददाता

पुणे। पुणे की एक अदालत ने बुधवार को स्वर्गेट बलात्कार मामले में आरोपी दत्तात्रेय गाडे की पुलिस हिरासत बढ़ाने की अपराध शाखा की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने माना कि पुलिस ने हिरासत बढ़ाने के लिए पर्याप्त ठोस कारण नहीं दिए। गाडे को २८ फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और शुरू में उसे १२ मार्च तक पुलिस हिरासत में रखा गया था। हालांकि, अपराध शाखा ने आगे की हिरासत की मांग करते हुए तर्क दिया कि जांच के हिस्से के रूप में आरोपी की हरकतों और व्यवहार के पैटर्न का विश्लेषण करने के लिए उन्नत ३डी तकनीक का उपयोग करना आवश्यक है। लेकिन अदालत ने इस दलील को अस्वीकार कर दिया, जिससे जांच प्रक्रिया धीमी हो गई। २६ वर्षीय महिला ने स्वर्गेट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके साथ बलात्कार किया गया था। पुलिस ने व्यापक तलाशी अभियान के बाद २८ फरवरी को तड़के करीब १:१५ बजे गाडे को एक गन्ने के खेत से गिरफ्तार किया। जांच में यह भी सामने आया कि उसके खिलाफ डकैती के छह पुराने मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने उसकी मेडिकल जांच करवाई और डीएनए सैंपल एकत्र किया। हिरासत के दौरान, उसे अपराध स्थल पर ले जाया गया और उस (**शेष पेज ०२ पर**)

संपादकीय

चर्चा अमेरिकी टैरिफ की नहीं वक्फ बोर्ड की!

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा कर दी है। उन्होंने भारत समेत कई देशों पर टैरिफ लगा दिया है। ट्रंप ने भारत पर भारत पर २६ प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। सारा विश्व चिंतित है कि अर्थव्यवस्था का क्या होगा? अमेरिकी टैरिफ की काट करने के लिए चीन, जापान, उत्तर और दक्षिण कोरिया साथ आ गए और बिना टैरिफ के व्यापार करने पर सहमति बनाने पर विचार कर रहे हैं। यूरोपीय राष्ट्र चिंतित हैं। अमेरिकी नेता ने कहा कि उत्तर-पूर्वी कई राष्ट्र सोवियत रूस के हिस्से थे जो अब नहीं हैं। इसका अर्थ है कि सोवियत रूस की आधी समस्या अमेरिका ने कहकर खत्म कर दी। अब रूस, उन राष्ट्रों को सोवियत रूस में मिलने का रास्ता खोल सकता है, तो दूसरी तरफ रूस ने अमेरिकी मार्ग में नहीं आने की बात कहकर ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर अमेरिका को कब्जा करने की हरी झंडी दे दी है। अब दोनों मुल्कों को खुला खेल फर्रुखाबादी की छूट मिल गई है। चीन को अमेरिका को एक्सपोर्ट से हाथ खींचने का अवसर मिल गया। अब वह भारत के साथ ट्रेड बढ़ाने को उत्सुक है। चीनी राजदूत ने खुलेआम कहा कि भारत ने बॉर्डर पर जो सधी हुई नीति अपनाई है, उससे विश्वास बढ़ा है। अब वह और तेजी से भारतीय उपभोक्ताओं को सस्ते सामान बेचकर अपनी अर्थव्यवस्था सुधार लेगा।

भारत पर २६ प्रतिशत टैरिप लगाए जाने से दवाओं और कृषि उपज का अमेरिका में निर्यात महंगा पड़ेगा। परंतु हमारी सरकार को इस गंभीर मुद्दे पर सदन में चर्चा करनी चाहिए थी। अमेरिका को निर्यात और आयात के खर्च का ब्यौरा देखें तो भारत को छह लाख करोड़ का नुकसान होगा, लेकिन बीजेपी सरकार को तो मंदिर-मस्जिद, हिंदू-मुस्लिम और औरंगज़ेब के अलावा अब एक नया शिगूफा वक्फ बोर्ड को लेकर छेड़ा है। संसदीय समिति में विपक्षी दलों के एक भी संशोधन नहीं किए गए। मनमाने ढंग से वोटिंग कराई गई। विपक्षी दल वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पास कराने के लिए चिंतित हो सकते हैं। नीतीश कुमार ने सरकारी बिल का समर्थन कर अपने पैरों पर आप ही गोली मार ली है। नायडू और पासवान ने भी बीजेपी को समर्थन देने के लिए हामी भर ली है। इसका असर बिहार और आंध्र प्रदेश की सरकारों पर पड़ेगा, साथ ही उन छोटे दलों पर भी जो बीजेपी सरकार को समर्थन दे रहे हैं। दरअसल, बिहार के बाद उत्तर प्रदेश का चुनाव होगा। इसलिए वक्फ बोर्ड के जरिए सरकार हिंदू वोट साधना चाहती है। दूसरी तरफ, मुस्लिम प्रवक्ता ने कहा कि हम शांति पूर्वक संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरेंगे। यह समूचे भारत में किया जाना है। बीजेपी सरकार तो यही चाहती है, जिससे मोदी सरकार को राजनीतिक लाभ मिलेगा। जब मुसलमान अपनी रक्षा के लिए सड़क पर उतरेंगे, तो यह बीजेपी के पक्ष में जाएगा। देश में विरोध रैलियों का ऐलान हो चुका है। संविधान के अनुच्छेद के तहत मुसलमानों के सड़क पर उतरने से सांप्रदायिक तत्व भीड़ में घुसकर तोड़फोड़ कर सकते हैं। बीजेपी उनकी खबर लेगी और बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। देश में मुसलमानों के प्रति हिंदुओं में जहर घोला जा रहा है। कभी रोड, कभी रेलवे स्टेशन, कभी मंदिर-मस्जिद, कभी 'ज़्यादा बच्चे पैदा करने' और 'कपड़ों से पहचानने' जैसे बयान दिए जा रहे हैं। अब औरंगज़ेब के मकबरे को लेकर भी राजनीति शुरू कर दी गई है। यह मकबरा, जो कि सादा मिट्टी का था, औरंगज़ेब ने अपनी इच्छा से भव्य नहीं बनवाया था, लेकिन अंग्रेजों ने इसे खूबसूरत बनवाया था। अब इसे हटाने की सियासत हो रही है, जिस पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी नाराजगी जता चुके हैं। अब वक्फ बोर्ड का मुद्दा भी इसी कड़ी में शामिल हो गया है। वक्फ बोर्ड में सुधार या संशोधन बिल के लिए संसदीय टीम बनाई गई थी, मगर विपक्ष का एक भी सुझाव नहीं माना गया। वहां भी बहुमत के आधार पर वोटिंग कराकर इसे पास करा लिया गया, जैसे सीबीआई, ईडी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सरकार अपने दो और विपक्ष के एक वोट के बहुमत से करती रहती है। सरकार कहती है कि वक्फ बोर्ड संशोधन बिल भ्रष्टाचार के खिलाफ है। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की लड़ाई दुनिया बार-बार देख चुकी है। सारे विपक्षी भ्रष्ट नेताओं को बीजेपी में शामिल कराया जा रहा है। अडानी पर अमेरिका में फ्रॉड का केस है। अमेरिका ने भारत सरकार से अडानी की गिरफ्तारी और उसे सौंपने की मांग की है। शेयर मार्केट में कैप बढ़ाकर फर्जी तरीके से मोटी कमाई कर फ्रॉड किया गया। सेबी प्रमुख माधवी बुच पर विदेशी धरती पर शेल कंपनियां बनाकर खुद लाभ कमाने के आरोप लगे हैं, लेकिन सरकार ने कभी जांच नहीं कराई। बीजेपी के जिन नेताओं के यहां काले धन के अंबार पकड़े गए, उन पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। अभी-अभी दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस वर्मा के आवास में स्टोररूम में आग लगने के बाद कथित रूप से जली हुई पांच सौ रुपये के नोटों की गड्डियां फायर ब्रिगेड को मिलीं।

इस पर कांग्रेस प्रवक्ता ने तंज कसा कि अब ईडी का काम फायर ब्रिगेड कर रही है। ईडी कभी उस जस्टिस के घर क्यों नहीं पहुंची? सरकार और प्रशासन मौन क्यों है? क्या वे पैसे किसी शक्तिशाली मंत्री के थे? यह सवाल जरूर उठा है। क्या यह सरकार की नाक के नीचे भ्रष्टाचार नहीं है? इसलिए वक्फ बोर्ड संशोधन बिल में कहीं कोई भ्रष्टाचार का मामला न होकर हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण का मामला है—'देखो, हमने कर दिखाया।' योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं कि चुनाव अस्सी और बीस के बीच है, यानी विभाजन रेखा खींचकर बीजेपी अपनी वोट बैंक की नीति चला रही है, जो वह हमेशा से करती आई है। सरकार चाहती है कि इस मामले में मुसलमान सड़कों पर उतरें, ताकि उन पर और आरोप लगाए जा सकें। इस बिल को समर्थन देकर नीतीश कुमार, नायडू, चिराग पासवान जैसे नेता अपने राजनीतिक करियर को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अगले चुनाव में उनकी हार तय मानी जा रही है। 'हाराकिरी' जापान में सामूहिक रूप से समुद्र में कूदकर आत्महत्या करने की प्रथा को कहा जाता था। अब यह शब्द इनके राजनीतिक भविष्य के संदर्भ में इस्तेमाल हो सकता है।

पेज 1 का शेष...

थाईलैंड में पीएम मोदी...

गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत

थाईलैंड सरकार ने पीएम मोदी का औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया। इसके बाद मोदी बैंकॉक के प्रसिद्ध वात फो मंदिर जाने की योजना बना रहे हैं। वात फो मंदिर बैंकॉक का सबसे पुराना और महत्वपूर्ण बौद्ध स्थल है। यह विशाल 'लेटे हुए बुद्ध' (रिक्लाइनिंग बुद्ध) प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है, जो ४६ मीटर लंबी और १५ मीटर ऊंची है। यह प्रतिमा निर्वाण मुद्रा में है और इसे सोने की परत से ढंका गया है। मंदिर परिसर में १,००० से अधिक बुद्ध प्रतिमाएं और ९० से अधिक स्तूप हैं। पीएम मोदी के इस मंदिर में जाने से भारत-थाईलैंड के सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूती मिलेगी। पीएम मोदी ने थाईलैंड में रामायण की स्थानीय प्रस्तुति 'रामकियेन' का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा- रामायण सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एशिया के कई हिस्सों को परंपराओं और संस्कृतियों से जोड़ती है। रामकियेन का प्रदर्शन देखना वास्तव में एक समृद्ध अनुभव था, जिसने भारत और थाईलैंड के बीच साझा सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों को खूबसूरती से दर्शाया।'

भारत-थाईलैंड संबंधों को मिलेगी मजबूती

पीएम मोदी के इस दौरे से भारत और थाईलैंड के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच व्यापार, पर्यटन, संस्कृति और रक्षा सहयोग को लेकर कई अहम समझौते होने की संभावना है।

प्रदेश की मण्डिया किसानों को उपज का दिला रही हैं सही मूल्य

देवेश प्रताप सिंह राठौर

उत्तर प्रदेश सरकार किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत है। राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद द्वारा प्रत्येक जिले में मण्डी समितियों की स्थापना की गई है, जिससे किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल सके। वर्तमान में प्रदेश में २५१ से अधिक मण्डी समितियाँ विनियमित हैं, जिनमें से २२० मण्डी क्षेत्रों में मण्डी स्थल निर्मित हैं। इन मण्डी समितियों में केवल लाइसेंस प्राप्त व्यापारी ही कृषि उत्पादों का क्रय-विक्रय करने के लिए अधिकृत होते हैं।

किसानों को मिल रही सुविधा

जब किसान अपनी उपज को मण्डी स्थल पर लेकर आता है, तो उसे प्रवेश द्वार पर एक निर्धारित प्रारूप पर प्रवेश पर्ची दी जाती है, जिसमें किसान का नाम, पता, वाहन का विवरण, कृषि उत्पाद आदि की जानकारी दर्ज होती है। राज्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (श्एइ) से कम दर पर किसी भी कृषि उत्पाद की खरीद नहीं की जाती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मण्डी प्रणाली को आधुनिक बनाने के कई कदम उठाए हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजना के अंतर्गत मण्डी परिषद द्वारा ७९,७९६ कृषकों को १३४.७६ करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। सरकार ने प्रदेश में २७ नई मण्डियों का आधुनिकीकरण और १८५ हाट-पैठ का निर्माण किया है। साथ ही, किसानों की सुविधा के लिए प्री-अराइवल ई-पास और डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू की गई है। जनवरी २०२५ तक १२५ मण्डियों में लगभग ६,०९९ करोड़ रुपये का डिजिटल व्यापार किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, ६,९२२ ई-लाइसेंस जारी किए गए हैं और ४.१८ करोड़ से अधिक ऑनलाइन पर्चियां बनाई गई हैं।

किसानों को आर्थिक सहायता

सरकार द्वारा २०१९-२० से अब तक ४८,२१० किसानों को लगभग ९८.५० करोड़ रुपये का अनुदान वितरित किया जा चुका है। साथ ही, माता शबरी कैंटीन और विश्रामालय प्रत्येक कृषि मण्डी में स्थापित किए जा

रहे हैं, जहां किसानों को सस्ती दरों पर भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। लखनऊ में ४९ करोड़ रुपये की लागत से किसान एग्रीमॉल का निर्माण पूरा होने की स्थिति में है।

कृषि अवसंरचना को बढ़ावा

किसानों की उपज की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रदेश के अमरोहा, वाराणसी और सहजनवा में इंटीग्रेटेड पैक हाउस का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। प्रदेश में ८८ ग्रामीण हाट बाजार भी बनाए गए हैं। इसके अलावा, सरकार ने UP Mandi Bhav नामक एंड्रायड मोबाइल ऐप लॉन्च किया है, जिससे किसानों को बाजार भाव और मौसम की जानकारी निःशुल्क मिल रही है। साथ ही, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाते हुए किसानों को ट्रैक्टर वितरित किए गए हैं।

बाढ़ सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण

प्रदेश सरकार ने १,५५१ बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं पूरी की हैं, जिससे ३२.८७ लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है। इसके अलावा, महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सीडलिंग उत्पादन किया जा रहा है, जिससे ६०,००० महिलाओं को रोजगार मिला है।

सरकार द्वारा २५१ करोड़ रुपये की लागत से लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के नाम पर एक सीड पार्क की स्थापना का निर्णय लिया गया है। यह किसानों की पैदावार को बढ़ाने और उन्हें बेहतर बीज उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पुस्तक चर्चाः राजघाट से राजपाट तक

विवेक रंजन श्रीवास्तव

राजपाट प्राप्त करना प्रत्येक छोटे बड़े नेता का अंतिम लक्ष्य होता है। इसके लिये महात्मा गांधी की समाधि राजघाट एक मजबूत सीढ़ी होती है। गांधी के आदर्शो की बातें करता नेता, दीवार पर गांधी की तस्वीर लगाकर सही या गलत तरीकों से येन केन प्रकारेण सत्ता प्राप्त करने में जुटा हुआ है। यह लोकतंत्र का यथार्थ है। गांधी की खादी के पर्दे हटाकर जनता इस यथार्थ को अच्छी तरह देख और समझ रही है। किन्तु वह बेबस है, वह वोट दे कर नेता चुन तो सकती है किन्तु फिर चुने हुये नेता पर उसका कोई नियंत्रण नहीं रह जाता। तब नेता जी को आइना दिखाने की जिम्मेदारी व्यंग्य पर आ पड़ती है। भावना प्रकाशन, दिल्ली से सद्यः प्रकाशित व्यंग्य संग्रह राजघाट से राजपाट तक पढ़कर भरोसा जागता है कि अशोक व्यास जैसे व्यंग्यकार यह जिम्मेदारी बखूबी संभाल रहे हैं। विचारों का टैंकर अशोक व्यास जी का पहला व्यंग्य संग्रह था, जिसे साहित्य जगत ने हाथों हाथ लिया और उस कृति को अनेक संस्थाओं ने पुरस्कृत कर अशोक जी के लेखन को सम्मान दिया है। फिर 'टिकाऊ चमचों की वापसी' प्रकाशित हुआ वह भी पाठकों ने उसी गर्मजोशी से स्वीकार किया। उनके लेखन की खासियत है कि समाज की अव्यवस्थाओं, विसंगतियों, विकृतियों, बनावटी लोकाचार, कथनी करनी के अंतर, अनैतिक दुराचरण उनके पैने आब्जरवेशन से छिप नहीं सके हैं। वे निरंतर उन पर कटाक्ष पूर्ण लिख रहे हैं।

अशोक व्यास किसी न किसी ऐसे विषय पर अपनी कलम से प्रहार करते दिखते हैं। 'आत्म निवेदन के बहाने' शीर्षक से पुस्तक के प्रारंभिक पृष्ठों में उन्होने आत्मा से साक्षात्कार के जरिये बहुत रोचक शब्दों में अपनी प्रस्तावना रखी है। राजघाट से राजपाट तक विभिन्न सामयिक विषयों पर चुनिंदा इकतालीस व्यंग्य लेखों का संग्रह है। शीर्षकों को रोचक बनाने के लिये कई रूपकों, लोकप्रिय मिथकों का अवलंबन लिया गया है, उदाहरण के लिये 'मेरे दो अनमोल रतन आयेंगे', 'सुबह और शाम चाय का नाम', 'तारीफ पे तारीफ',' मैं और मेरा मोबाइल अक्सर ये बातें करते है 'आदि लेखों का जिक्र किया जा सकता है। शीर्षक व्यंग्य राजघाट से राजपाट में वे लिखते हैं' राजघाट ही वह स्थान है जो गंगाघाट के बाद सर्वाधिक उपयोग में आता है। जैसे गंगा घाट पर स्नान करके ऐसा लगता है कि इस शरीर ने जो भी उलटे सीधे धतकरम किये हैं वह सब साफ होकर डाइक्लीन किये हुए सूट की तरह पार्टी में पहनने लायक हो जाता है उसी प्रकार राजघाट तो गंगाघाट से भी पवित्र स्थान बनता जा रहा है। इस घाट पर आकर स्वयं साफ़ झक्कास तो हो जाते हैं, लगे हाथ क्षमा माँगने का भी चलन है। इस घाट पर देशी तो देशी-विदेशी संतों की भीड़ भी लगती



रहती है।' इस अंश को उधृत करने का आशय मात्र यह है कि अशोक व्यास की सहज प्रवाहमान भाषा, सरल शब्दावली और वाक्य विन्यास से पाठक रूबरू हो सकें। हिन्दी दिवस पर हिंदी की बातें में वे लिखते हैं 'तुम हिन्दी वालों की एक ही खराबी है, दिमाग से ज्यादा दिल से सोचते हो भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के वर्षो बाद भी देश में भाषाई विवाद सुलगता रहता है। राजनेता अपनी रोटी सेंकते रहते हैं। यह विडम्बना ही है। धारदार कटाक्ष, मुहावरों लोकोक्तियों का समुचित प्रयोग, कम शब्दों में बड़ी बात समेटने की कला अशोक व्यास का अभिव्यक्ति कौशल है। वे तत्सम शब्दों के मकड़जाल में उलझाये बगैर अपने पाठक से उसके बोलचाल के लहजे में अंग्रेजी की हिन्दी में आत्मसात शब्दावली का उपयोग करते हुये सीधा संवाद करते हैं। रचनाओं का लक्षित प्रहार करने में वे सफल हुये हैं। यूं तो सभी लेख अशोक जी ने चुनकर ही किताब में संजोये है किन्तु मुझे नंबरों वाला शहर, मिशन इलेक्शन, सरकार की नाक का बाल, हर समस्या का हल आज नहीं कल, चुनावी मौसम, आदि व्यंग्य बहुत प्रभावी लगे। रवीन्द्र नाथ त्यागी ने लिखा है 'हमारे संविधान में हमारी सरकार को एक प्रजातान्त्रिक सरकार' कह कर पुकारा गया है पर सच्चाई यह है कि चुनाव सम्पन्न होते ही 'प्रजा' वाला भाग जो है वह लुप्त हो जाता है और 'तन्त्र' वाला जो भाग होता है वही, सबसे ज्यादा शक्तिशाली हो जाता है।' अशोक व्यास उसी सत्य को स्वीकारते और अपने व्यंग्य कर्म में आगे बढ़ाते व्यंग्य लेखक हैं, जो अपने लेखन से मेरी आपकी तरह ही चाहते हैं कि तंत्र लोक का बने। आप का कौतुहल उनकी लेखनी के प्रति जागा ही होगा, तो पुस्तक खरीदिये और पढ़िये। पैसा वसूल वैचारिक सामग्री मिलने की गारंटी है।

वक्फ बिल का समर्थन करना...

अंसारी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा- वक्फ विधेयक भारतीय मुसलमानों के खिलाफ है और हम इसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं कर सकते। यह विधेयक संविधान के कई मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है और पसमांदा समुदाय के साथ भेदभाव करता है। न तो आप और न ही आपकी पार्टी को इसका एहसास है। मुझे पार्टी को अपने जीवन के कई साल देने का पछतावा है। अंसारी के बाद जेडीयू के अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहनवाज मलिक ने भी वक्फ बिल पर पार्टी के समर्थन के विरोध में इस्तीफा दे दिया। बिहार के जमुई जिले के अढ़ा निवासी मलिक ने सोशल मीडिया पर अपने इस्तीफे की घोषणा की। उन्होंने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि जेडीयू के इस कदम से राज्य के मुसलमानों का पार्टी पर से भरोसा उठ गया है। मलिक ने लोकसभा में ललन सिंह के बयान और जेडीयू के रुख पर कड़ा असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के इस फैसले ने जेडीयू की धर्मनिरपेक्ष छवि को गहरा नुकसान पहुंचाया है।

'बांद्रा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट...

पहले निवासियों को उनके नए घरों में प्रवेश मिल सके, इसके लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बांद्रा पूर्व में ३०.१६ एकड़ सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) की जमीन उच्च न्यायालय को सौंपने का निर्णय लिया गया है। झोपड़पट्टी पुनर्वास प्राधिकरण (एसआरए) ने सरकारी प्रयासों के तहत १४४ आवासीय इकाइयाँ प्राप्त की हैं, जिनमें ओम साई को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी से ७७ और बालाजी शॉपकीपर्स एसोसिएशन से ६७ इकाइयाँ शामिल हैं। हालांकि, इन आवासीय इकाइयों को पूरा होने में छह से नौ महीने का समय लग सकता है, इसलिए १०० पात्र झोपड़ीधारकों को अपने खर्चे पर वैकल्पिक रहने की व्यवस्था करनी होगी। इस शर्त को ध्यान में रखते हुए पात्र झोपड़ीधारकों के साथ करार किए गए हैं।

वक्फ बिलः मोदी सरकार...

लेकिन भारत सरकार चुप है।शिवसेना (यूबीटी) का आरोप है कि सरकार वास्तविक आर्थिक और विदेश नीति के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए धार्मिक विवादों को हवा दे रही है। विपक्ष ने मांग की है कि देश पर अमेरिका के टैरिफ फैसले और इसके आर्थिक प्रभावों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए।

स्वर्गेट बलात्कार मामला...

खेत से सबूत इकट्ठा किए गए जहां वह छिपा हुआ था। इसके अलावा, पुलिस ने उन व्यक्तियों के बयान भी दर्ज किए जिनसे वह हिरासत के दौरान संपर्क में आया था। अपराध शाखा ने उन्नत ३डी तकनीक का उपयोग कर आरोपी के व्यवहार का विश्लेषण करने और मामले में नए सबूत जुटाने के लिए और हिरासत की मांग की थी। हालांकि, अदालत ने इस मांग को ठुकरा दिया, जिससे इस प्रक्रिया में अस्थायी देरी हो गई। बचाव पक्ष के वकील वाजिद खान बिडकर ने अदालत के फैसले की पुष्टि की।

जानिए ज्योतिष गुरू पंडित अतुल शास्त्री जी से आज का राशिफल

मेषः आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज कोई ऐसा काम आपके पास आएगा, जिससे आपको धन लाभ हो सकता है। इससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से और बेहतर हो जायेगी। आपके रुके हुए काम किसी अपने की मदद से जल्द पूरे हो जायेंगे। कुछ लोग आपसे दोस्ती के लिए हाथ आगे बढ़ा सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

वृषभः आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन उम्दा रहेगा , जीवनसाथी के साथ ज्यादा समय बीतेगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ेगी। कार्यालय जाते समय आप कोई जरूरी फाइल/कागज भूल सकते हैं। आपको अपने काम के प्रति सचेत रहना चाहिए। कुछ अच्छे मौके आपके हाथ से न निकलने पाएँ ध्यान रखें।

मिथुनः आज आपका दिन शानदार रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा लाभदायक हो सकती है। आपका व्यवहार दूसरों को प्रभावित कर सकता है। आज हर तरह के मामलों में आप शांत मन से विचार करेंगे। भविष्य में होने वाले किसी काम की तैयारी आज से ही शुरू कर सकते हैं। अपनों का साथ मिलने से आप खुश रहेंगे।

कर्कः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा। घर में बच्चों की बर्थडे पार्टी का आयोजन करेंगे। घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में रौनक बनी रहेगी। काम के प्रति आपकी मेहनत रंग लायेगी। आपको एक्स्ट्रा इनकम के नए मौके मिलेंगे।

सिंहः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी अड़चन आ सकती है। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। समाज के लोग आपके पक्ष में रहेंगे। दोस्तों का भी आपको भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति आपको थोड़ा जागरूक रहने की जरूरत है। साथ ही किसी भी तरह के पारिवारिक विवाद से आपको बचना चाहिए।

कन्याः कार्यक्षेत्र में कोई महत्वपूर्ण फैसला लेने से आपको फायदा होगा। किसी अनुभवी की मदद से आपको धन लाभ की प्राप्ति होगी। पहले किए गये कामों से आपको लाभ होगा। साथ ही आपको संतान सुख की प्राप्ति भी होगी। दिन आपके फेवर में होने के कारण आप खुश रहेंगे। छात्रों को आज के दिन पढ़ाई पर ज्यादा धयान देने की जरूरत है।

तुलाः आज आपका दिन शानदार रहेगा। बच्चों के साथ घर पर समय बिताएंगे जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। इसके अलावा कार्यालय में सहयोगी आपके काम से काफी प्रभावित होंगे। कुछ लोग आपसे काम सीखने की चाह रखेंगे। आज आपको अपने सभी काम में सफलता मिलेगी। आपके अंदर भरपूर ऊर्जा रहेगी।

वृश्चिकः आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। किसी सहकर्मी से जरूरी काम पर रोचक चर्चा हो सकती है। दूसरों की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। कारोबार को बढ़ाने के लिए आपको कुछ खास लोगों से मदद मिल सकती है।

धनुः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज कार्यालय में काम ज्यादा होने की वजह से घर देर से पहुंचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार होगा। किसी दोस्त की समस्या सुलझाने में आप खुद भी उलझ सकते हैं।

मकरः कार्यों की अधिकता के कारण आपको थकावट महसूस होगी। इसका असर आपकी दिनचर्या पर भी पड़ेगा। परिवार में आर्थिक रूप से आपकी कुछ जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। आपकी सभी समस्याएं सुलझ जायेगी और आपका दिन बेहतर रहेगा। साथी से उपहार मिलेगा।

कुंभः आज आर्थिक रूप से आपकी प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रूके हुये काम पूरे होने पर आपको खुशी का अनुभव होगा। सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से जीवन में शांति और सद्भाव बना रहेगा। आपके दाम्पत्य संबंध में नई खुशियों का संचार होगा।

मीनः आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के नये रास्ते खुले नजर आएंगे। ऑफिस में आज कोई ऐसा काम आपको मिलेगा, जिसके लिए आप बहुत दिनों से उत्सुक थे। विवाहितों के लिए आज का दिन यादगार रहने वाला है। आप भविष्य योजना कर सकते हैं।

खारघर में सिडको की 100वीं तोड़क कार्रवाई

संवाददाता

नवी मुंबई। खारघर में सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) ने अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी १००वीं कार्रवाई करते हुए एक अनधिकृत इमारत को ध्वस्त कर दिया। यह इमारत पहले २०१५-१६ में सिडको की कार्रवाई का सामना कर चुकी थी, जिसके बाद छह साल तक यह जमीन खाली पड़ी रही। हालांकि, जब सिडको भूखंड पर कब्जा करने में विफल रहा, तो दो साल पहले एक नए बिल्डर ने साइट पर पुनर्निर्माण किया और कई फ्लैट बेच दिए। मूल और नए बिल्डर के बीच विवाद बढ़ने के बाद मामला राज्य मंत्रालय तक पहुंचा, जिसके बाद सिडको को हस्तक्षेप करना पड़ा।

सिडको के मुख्य सतर्कता अधिकारी सुरेश मेंगडिया, ४० से अधिक पुलिसकर्मियों, वरिष्ठ अधिकारियों और सैकड़ों श्रमिकों की मौजूदगी में इस इमारत को गिराया गया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर सिडको की अतिक्रमण नीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई लोगों ने पूछा कि अगर सिडको ने अवैध निर्माण हटाने के बाद जमीन को अपने नियंत्रण में नहीं लिया, तो अपराध दोबारा क्यों हुआ? सिडकोअधिकारियों ने नागरिकों से धोखाधड़ी करने वाले बिल्डरों के झांसे में न आने की अपील की है। मुख्य सतर्कता अधिकारी मेंगडिया ने कहा, 'अवैध निर्माणों के खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी रहेगी। खारघर में यह १००वीं तोड़फोड़ थी। हम नागरिकों से अपील करते हैं कि वे संपत्ति खरीदने से पहले उसकी वैधता की पूरी जांच करें, ताकि धोखाधड़ी से बचा जा सके।'

पवई के व्यवसायी की ईमेल आईडी हैक, साइबर पुलिस ने 11.19 करोड़ रूपए बचाए

संवाददाता

मुंबई। मुंबई में साइबर धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें पवई के एक व्यवसायी की ईमेल आईडी हैक कर ली गई। हालांकि, समय पर की गई शिकायत और साइबर पुलिस की त्वरित कार्रवाई के कारण ११.१९ करोड़ रूपए की राशि को फ्रीज कर लिया गया। मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच के मुताबिक, यह घटना ३ अप्रैल को दोपहर करीब १:३० बजे हुई।

जैसे ही व्यवसायी ने अपने बैंक खाते से ११.१९ करोड़ रूपए के अनधिकृत लेनदेन को देखा, उसने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर १९३० के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में पता चला कि अज्ञात जालसाज ने कंपनी की बैंकिंग से जुड़ी ईमेल आईडी हैक कर ली थी। इसके बाद, हैकर ने कंपनी के नाम से कोटक महिंद्रा बैंक को झूठे ऑपरेशनल अनुरोध भेजे, जिससे बैंक को गुमराह किया गया। इस धोखाधड़ी के जरिए जालसाजों ने कंपनी के खाते से दो अलग-अलग खातों में ११.३४ करोड़ रूपए ट्रांसफर कर दिए। जैसे ही व्यवसायी को शक हुआ, उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मुंबई साइबर क्राइम ब्रांच ने शिकायत मिलते ही एनसीसीआरपी पोर्टल पर मामला दर्ज किया और बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय किया। उनकी तेजी से की गई कार्रवाई के कारण ११.१९ करोड़ रूपए की राशि को फ्रीज कर लिया गया, जिससे बड़ा वित्तीय नुकसान होने से बच गया। अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी अभी भी फरार हैं, और उनकी तलाश के लिए जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हैकिंग कैसे की गई और ट्रांजेक्शन कहां भेजे गए।

महाराष्ट्र में ग्लोबल स्किल सेंटर की स्थापना को लेकर सिंगापुर से सहयोग: मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा

संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र के युवाओं को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण देकर वैश्विक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कौशल विकास विभाग सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इसी दिशा में, सिंगापुर के मॉडल पर महाराष्ट्र में एक ग्लोबल स्किल सेंटर स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है। इसी संदर्भ में आज कौशल विकास मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग से मंत्रालय में मुलाकात कर इस परियोजना पर चर्चा की। मंत्री लोढ़ा ने बताया कि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होते ही महाराष्ट्र के युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रेड्स में प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

सिंगापुर के वाणिज्य दूत ने जताई सहमति

बैठक के दौरान सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग ने महाराष्ट्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित केंद्रों पर संतोष व्यक्त किया और राज्य के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय कौशल प्रशिक्षण देने पर सहमति जताई। इस बैठक में व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय की संचालिका श्रीमती माधवी सरदेशमुख, कौशल विकास सोसायटी के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल सोनावणे और मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी कौस्तुभ धवसे उपस्थित थे। सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन सर्विसेज (ITEES) में वैश्विक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार कौशल पाठ्यक्रम तैयार किए जाते हैं। इस पहल के माध्यम से महाराष्ट्र के युवाओं को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रोजेक्ट्स में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा, वे आधुनिक तकनीक, रोबोटिक्स, एआई टेक्नोलॉजी, औद्योगिक प्रणाली और सेवाओं से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। सिंगापुर के ग्लोबल स्किल सेंटर के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे छात्रों को वैश्विक रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। इसी दिशा में, महाराष्ट्र सरकार कौशल विकास विभाग के जरिए युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय अवसर सृजित करने का प्रयास कर रही है। मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने कहा कि सिंगापुर के वाणिज्य दूत ओंग मिंग फुंग के साथ सकारात्मक चर्चा हुई है और जल्द ही इस विषय पर एक समझौता (MoU) किया जाएगा।

मुंबई सेंट्रल रेलवे पुलिस थाने में बेवारिस मोबाइल फोन की नीलामी

संवाददाता

मुंबई। मुंबई सेंट्रल रेलवे पुलिस थाने में विभिन्न आपराधिक मामलों में जब्त किए गए और जिनके दावेदार, मालिक या वारिस सामने नहीं आए हैं, ऐसे मोबाइल फोन की नीलामी आयोजित की जा रही है।

यह नीलामी ५ अप्रैल २०२५ को सुबह ११:३० बजे से दोपहर १२:३० बजे तक होगी। मुंबई सेंट्रल रेलवे पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एच. टी. कुंभार ने आम नागरिकों से इस नीलामी में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नीलामी में शामिल होने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक पात्रता पूरी करनी होगी। इस प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी रखा जाएगा, और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहेंगे। रेलवे पुलिस विभाग द्वारा जब्त किए गए मोबाइल फोन का विधिवत रिकॉर्ड रखा जाता है। यदि निर्धारित अवधि के भीतर इनके मालिक या वारिस अपने अधिकार का दावा नहीं करते, तो ऐसे सामानों की सरकारी नियमों के तहत नीलामी की जाती है। इस प्रक्रिया से सरकार को राजस्व प्राप्त होता है और जब्त किए गए सामान का उचित उपयोग संभव हो पाता है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक नागरिकों को अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित रहने की सलाह दी गई है।

भागशाला मैदान डोंबिवली में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

संवाददाता

ठाणे। ठाणे जिले के नजदीक डोंबिवली (पश्चिम) के भागशाला मैदान (स्टेशन से ५ मिनट की दूरी पर) में शुक्रवार, ४ अप्रैल २०२५ से सोमवार, ७ अप्रैल २०२५ तक १०८ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ भूमि पूजन से किया गया। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में, डोंबिवली गायत्री परिवार की मुख्य ट्रस्टी श्रीमती संध्याताई डोंबिवलीकर, अनंत प्रसाद त्रिपाठी, आशीष कुमार सिंह, जयवंत झुंझारराव के संयोजन तथा शांतिकुंज हरिद्वार के आचार्यों की उपस्थिति में संपन्न होगा। गायत्री धाम प्रतापगढ़ के आचार्य राजेश पांडे एवं राष्ट्रीय कवि अनिल कुमार राही ने कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप को बताया कि महायज्ञ का शुभारंभ ४ अप्रैल को कलश शोभायात्रा, शांतिकुंज गायत्री द्वारा प्रकाशित पुस्तकों की प्रदर्शनी, गरबा, आरती एवं प्रसाद के साथ होगा। ५ अप्रैल को देव पूजन, गायत्री महायज्ञ, संस्कार (जनेऊ) एवं संगीत प्रवचन आयोजित किए जाएंगे। ६ अप्रैल को देव पूजन के साथ ११,१११ दीप प्रज्वलन एवं अतिथि सम्मान समारोह होगा, जबकि ७ अप्रैल को देव पूजन, गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। आयोजकों ने मुंबई, नवी मुंबई एवं ठाणे महानगर के नागरिकों तथा गायत्री परिवार से जुड़े सभी भाइयों, माताओं एवं बहनों से इस महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

महाराष्ट्र की जेलों में भगवद गीता की शिक्षा से कैदियों में आ रहा सकारात्मक बदलाव

संवाददाता

मुंबई। क्रोध, द्वेष और नफरत के कारण या परिस्थितियोंवश अपराध हो जाते हैं, लेकिन यदि ऐसे अपराधियों के जीवन में भगवद गीता के माध्यम से सकारात्मकता लाई जाए, तो उनके जीवन में एक नई सुबह आ सकती है। महाराष्ट्र की जेलों में यही बदलाव देखा जा रहा है, जहाँ १९० कैदी भगवद गीता के माध्यम से साधना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पहल के तहत, अब जेलों में भगवद गीता के श्लोक गूंज रहे हैं। पिछले एक साल से गीता परिवार संगठन के माध्यम से महाराष्ट्र की केंद्रीय जेलों में ऑनलाइन भगवद गीता कक्षाएं चलाई जा रही हैं। स्वामी श्री गोविंद देव गिरी जी महाराज द्वारा स्थापित गीता परिवार के स्वयंसेवक इस पहल में प्रशिक्षक की भूमिका निभा रहे हैं। अब तक गीता परिवार द्वारा १२ लाख से अधिक साधकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह कक्षाएँ पूरी तरह निःशुल्क हैं और १३ भाषाओं में संचालित की जाती हैं। हर सत्र ४० मिनट का होता है, जिसमें गीता के श्लोकों का शुद्ध उच्चारण सिखाया जाता है। पहली कक्षा दिसंबर २०२३ में छत्रपति संभाजीनगर जेल में शुरू हुई थी।

इसके बाद इसे कोल्हापुर, नासिक, ठाणे, तलोजा और येरवडा जेलों तक विस्तारित किया गया। इस समय छत्रपति संभाजीनगर जेल से २५, ठाणे से ३५, कोल्हापुर से ४५, नासिक से ४०, तलोजा से ३५ और येरवडा से १० कैदी इस कार्यक्रम से जुड़ चुके हैं। कुल मिलाकर, १९० कैदी गीता के श्लोकों का पाठ कर रहे हैं। गीता परिवार की कक्षाएँ चार चरणों में संचालित होती हैं, जिनमें पहले स्तर में २ अध्याय, दूसरे में ४ अध्याय, और तीसरे व चौथे स्तर में ६-६ अध्याय सिखाए जाते हैं। वर्तमान में, ठाणे, नासिक, कोल्हापुर और तलोजा जेलों में तीसरे चरण का प्रशिक्षण पूरा होने वाला है, जिसमें १२ अध्यायों का अध्ययन हो चुका है। गीता परिवार की ओर से पठनीय गीता पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं। जेल प्रशासन और कैदी दोनों ही इस पहल से संतुष्ट हैं। येरवडा महिला जेल में भी सीधे कक्षाएँ आयोजित की गईं, जबकि पुरुष कैदियों के लिए प्रत्येक रविवार को प्रेरणादायक व्याख्यान दिए जाते हैं। शनिवार और रविवार को कैदियों द्वारा सीखे गए श्लोकों की व्याख्या की जाती है और उनकी शंकाओं का समाधान किया जाता है। इस पहल से कैदियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखा जा रहा है। जेल प्रशासन को विश्वास है कि इस तरह के प्रयासों से कैदी अपने परिवारों में वापस जाकर एक अच्छा जीवन जी सकेंगे। भगवद गीता की यह शिक्षा उन्हें आध्यात्मिक संतुलन प्रदान कर रही है और जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण बदल रही है।

बीएमसी के-ईस्ट वार्ड का कर्मचारी रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

संवाददाता

मुंबई। मुंबई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वतखोरी के मामले में बीएमसी के के-ईस्ट वार्ड के एक कर्मचारी संदीप जोगदंडकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी बीएमसी में सहायक के रूप में कार्यरत था। एसीबी के अनुसार, शिकायतकर्ता ठेले बेचने और किराए पर देने का व्यवसाय करता है। १८ जनवरी २०२५ को, बीएमसी के/ईस्ट वार्ड के रखरखाव विभाग द्वारा उसके ठेले बनाने के उपकरण जब्त कर लिए गए। शिकायतकर्ता ने अगले दिन अधिकारियों से मिलने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। २७ जनवरी २०२५ को उसने एक अधिकारी से संपर्क किया, जिसने बताया कि उसका सामान फेंक दिया गया है और अब कुछ नहीं किया जा सकता। बाद में, २७ मार्च २०२५ को, शिकायतकर्ता को अपने परिचितों से पता चला कि उसका सामान संदीप जोगदंडकर द्वारा बेचा जा रहा है। शिकायतकर्ता ने अपने एक परिचित को जोगदंडकर से मिलने भेजा, जिसके बाद जोगदंडकर ने शिकायतकर्ता से खुद फोन पर संपर्क किया और जेबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास मिलने को कहा। वहां उसने शिकायतकर्ता से सामान वापस देने के लिए १५,००० रुपये की रिश्वत मांगी, जिसे बातचीत के बाद १२,००० रुपये तक कम कर दिया गया। शिकायतकर्ता सरकारी कर्मचारी को रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने २ अप्रैल २०२५ को एसीबी मुंबई कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई। एसीबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक जाल बिछाया और संदीप जोगदंडकर को १२,००० रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

अश्विनी बिदरे हत्याकांड में 5 अप्रैल को आ सकता है फैसला

संवाददाता

नवी मुंबई। नवी मुंबई के बहुचर्चित अश्विनी बिदरे हत्या मामले में शनिवार, ५ अप्रैल २०२५ को फैसला सुनाए जाने की उम्मीद है। मामला पनवेल सत्र न्यायालय में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केजी पालदेवर के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है, जिससे करीब सात साल से चल रही सुनवाई का अंत हो सकता है। मुख्य आरोपी बर्खास्त पुलिस निरीक्षक अभय कुरुंदकर और अन्य सह-आरोपियों के भाग्य का फैसला अगले दो दिनों में हो सकता है। अदालत ने ८५ गवाहों की जांच की है और लंबे समय से अनुमान था कि अप्रैल की शुरुआत में फैसला आ सकता है।

क्या है पूरा मामला?

बेलापुर के कोंकण भवन में नागरिक अधिकार संरक्षण इकाई में तैनात सहायक पुलिस निरीक्षक अश्विनी बिदरे १५ अप्रैल २०१६ से लापता थीं। १४ जुलाई २०१६ को उनके लापता होने की शिकायत दर्ज की गई, और जांच के दौरान ३१ जनवरी २०१७ को अपहरण का मामला दर्ज हुआ। जांच में सामने आया कि अश्विनी और कुरुंदकर कथित रूप से रिश्ते में थे। आरोप है कि ११ अप्रैल २०१६ की रात, कुरुंदकर ने मीरा रोड स्थित अपने घर में अश्विनी बिदरे की हत्या कर दी। इसके बाद उसने लकड़ी काटने की मशीन से शव के टुकड़े किए और उन्हें फ्रीजर में रखा। अगले दिन, उसने शव को एक बोरे में भरकर वसई खाड़ी में फेंक दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, हत्या से पांच दिन पहले, कुरुंदकर ने एक कांस्टेबल से लकड़ी काटने की पावर आरी खरीदने को कहा था, जिसका इस्तेमाल शव को टुकड़े करने में किया गया। शव के टुकड़ों को २५ किलो के धातु के ब्लॉक्स से बांधकर वसई खाड़ी में डुबो दिया गया। जिस दुकान से ये वजन खरीदे गए थे, उसकी भी पहचान कर ली गई है।

हत्या के बाद भी चालाकी

अभियोजन पक्ष के अनुसार, हत्या के बाद कुरुंदकर ने अश्विनी के फोन का इस्तेमाल कर उसके परिवार और विभाग को संदेश भेजे कि वह उत्तर भारत में ध्यान शिविर के लिए जा रही है। इसके अलावा, कुरुंदकर ने अपने गश्त ड्यूटी का गलत रिकॉर्ड तैयार किया और वाहन की रीडिंग में छेड़छाड़ कर अपने अपराध को छिपाने की कोशिश की। पाटिल और कुरुंदकर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) से यह स्पष्ट हुआ कि ११ अप्रैल २०१६ को दोनों की लोकेशन एक ही स्थान पर थी। इसी दिन अश्विनी बिदरे को आखिरी बार देखा गया था। तीनों की लोकेशन ११ अप्रैल को वसई क्रीक के पास थी और उसके बाद बिदरे लापता हो गईं। १४ अप्रैल को अश्विनी का फोन आखिरी बार ऑन हुआ और फिर कभी चालू नहीं हुआ।

मुंबई में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी देने वाले लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के पांच सदस्यों को मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से गिरफ्तार किया है। इनके पास से ७ पिस्तौल और २१ जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस को शक है कि गिरोह का निशाना कोई बड़ा सेलिब्रिटी हो सकता है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में हुई है, जो राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, अंडरकवर एजेंटों से सूचना मिली थी कि गिरोह के कुछ सदस्य हथियारों के साथ मुंबई में मौजूद हैं। कार्रवाई के दौरान इनकी गिरफ्तारी हुई। इस घटना के बाद सलमान खान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। करीब आठ महीने पहले सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर ७.६ बोर की बंदूक से चार राउंड फायरिंग की गई थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें Y+ श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है, जिसमें ११ हथियारबंद जवान, दो एस्कॉर्ट वाहन और विशेष सुरक्षा अधिकारी तैनात रहते हैं। इसके अलावा, जनवरी में सलमान खान के अपार्टमेंट की बालकनी को बुलेटप्रूफ बनाया गया और हाई-रेजोल्यूशन कैमरे भी लगाए गए। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और मामले की जांच जारी है।

महाराष्ट्र एफडीए का विशेष दूध जांच अभियान: 1.5 लाख लीटर दूध की जांच, 108 सैंपल लिए गए

संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) राज्य के नागरिकों को स्वस्थ, शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, २००६ को सख्ती से लागू कर रहा है। हाल ही में दूध में मिलावट के बढ़ते मामलों को देखते हुए, एफडीए ने १ अप्रैल २०२५ की रात से २ अप्रैल २०२५ की सुबह तक मुंबई में प्रवेश करने वाले दूध टैंकरों की विशेष जांच अभियान चलाया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरोहरी जिरवाल के नेतृत्व में तीन मुख्य जांच चौकियों- मानखुर्द (वाशी), दहिसर और ऐरोली पर दूध टैंकरों की कड़ी निगरानी की गई। इस दौरान कुल ७९ दूध टैंकरों में १,५१,८९४ लीटर दूध की जांच की गई, जिसमें मानखुर्द चेक पोस्ट पर ५१ वाहनों में १,०४,५३८ लीटर, दहिसर चेक पोस्ट पर १० वाहनों में २७,७०४ लीटर और ऐरोली चेक पोस्ट पर १८ वाहनों में १९,६५२ लीटर दूध की जांच की गई। इसके अलावा, विभिन्न ब्रांडों के १०८ दूध के नमूने (पैक और खुले दूध) लिए गए, जिनकी प्रयोगशाला जांच की जा रही है, और रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राज्य में दूध और डेयरी उत्पादों में मिलावट को रोकने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एफडीए विशेष अभियान चला रहा है, जिसे मंत्री नरोहरी जिरवाल, राज्य मंत्री योगेश कदम और एफडीए आयुक्त राजेश नारवेकर के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। भले ही ग्रेटर मुंबई डिवीजन में स्टाफ की कमी बनी हुई है, फिर भी एफडीए अधिकारी पूरी प्रतिबद्धता के साथ दूध की गुणवत्ता पर नजर बनाए हुए हैं। यह अभियान महाराष्ट्र सरकार की खाद्य सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है और यह सुनिश्चित करता है कि राज्य के लोगों को शुद्ध और मिलावट रहित दूध मिले।

Lok Sabha confirms imposition of President's rule in Manipur

New Delhi: The Lok Sabha early Thursday adopted a Statutory Resolution confirming the imposition of President's rule in Manipur with opposition supporting the decision but slamming the Centre for the situation in the state.

Replying to a short debate, Union Home Minister Amit Shah said the government has taken all possible steps to bring back normalcy in the restive northeastern state. He said there has been no violence in Manipur in the last four months, adding that talks were on with both Meitei and Kuki communities for a peaceful solution.

"By and large the situation is peaceful. As long as people are in camps, I would not say the situation is satisfactory. The government is taking all possible steps to restore peace in Manipur," he said.

The home minister said the ethnic violence in Manipur had started following an order of the state's high

court. "The day the order came, we sent the central forces by air. There was no delay on our part (in taking action)," he said. He said, so far, 260 people have died in the violence that started in May 2023 and 80 per cent of them lost their lives within the first month.

